एक नजर में

## मालवा-निमाड़ रीजन के सोशल ग्रुप्स का अधिवेशन सम्पन्न

**इंदौर.** अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा आयोजित मालवा - निमाड़ रीजन का दो दिवसीय महा - सम्मेलन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. इस समागम ने अनुशासन और व्यवस्थाओं की एक नई मिसाल पेश की. सम्मेलन का शुभारंभ राजेश पटनी द्वारा जैन ध्वज वंदन के साथ हुआ. स्वागत उद्बोधन देते हुए संयोजक प्रभात चोपड़ा ने सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डाला. प्रथम सत्र में वैचारिक गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ताओं ने समाज की दिशा और दशा पर मंथन किया. कालूहेड़ा के विधायक अनिल जैन ने सामाजिक एकजुटता को समय की मांग बताते हुए सेवा कार्यों के विस्तार पर जोर दिया. स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के मुकेश रांका ने समाज की आंतरिक मजबूती और संगठन की शक्ति पर अपने विचार साझा किए. फेडरेशन अध्यक्ष जिनेश्वर जैन, पूर्व अध्यक्ष पीयूष जैन, संजय नाहर, नरेंद्र संचेती



एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम मुनोत ने प्रेरक उद्बोधन देकर सदस्यों में नई ऊर्जा का संचार किया. सत्र का प्रभावी संचालन फेडरेशन महासचिव अरिहंत जैन द्वारा किया गया. मालवा-निमाड़ रीजन के विभिन्न ग्रुपों से आए 250 से अधिक दंपति सदस्यगणों के लिए संगीतमय तंबोला का आयोजन भी किया गया मार्गदर्शक राजेश संगीता दुग्गड एवं संजय जैन थे. द्वितीय सत्र में पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जैन, प्रकाश भटेवरा एवं तरुण कीमती ने भी अपने विचार रखे. सत्र का संचालन महासचिव किरण सिरोलिया ने किया. हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें लाफ्टर चैलेंज फेम मुन्ना बैटरी, राजेश लोटपोट, धीरज शर्मा, कुलदीप रंगीला, निशा पंडित एवं वरिष्ठ कवि हेमंत श्रीमाल ने श्रोताओं को खूब हंसाया. मालवा रीजन अध्यक्ष अशोक मोदी एवं निमाड़ रीजन अध्यक्ष मोनिका मेहता ने अपने प्रतिवेदनों के माध्यम से रीजन की प्रगति रिपोर्ट पेश की और भविष्य की योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया. अधिवेशन के सहयोगी मुख्य लाभार्थी भामाशाह जैन रत्न जयसिंह टीना जैन, मुख्य सह लाभार्थी गौतम डॉ. सोनाली दिलीप, आशा मोदी, पीयूष, चित्रा जैन, संजय, सुनीता नाहर, प्रतिभा चोपड़ा, श्रीमती राजेंद्र, बांठिया, कमलेश प्रीति कोठारी, प्रकाश कान्तारानी भटेवरा, अनिल मंजुलाजी छाजेड उज्जैन, किरण संजय आदि रहे।

## मधुमेह एवं मोटापे से मुक्ति के लिए शिविर आज से



**इंदौर.** मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत तीसरा शिविर 14-15 मार्च को चितावद, नवलखा स्थित आनंद नगर गार्डन पर सुबह 8 बजे से आयोजित होगा. शिविर की तैयारियों को लेकर मंगलमूर्ति नगर में क्षेत्र के रहवासियों की बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया. अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर की तैयारियों को लेकर मंगलमूर्ति नगर में शहर के नवलखा, शिवमोती एवं शिवमूर्ति नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख रहवासियों की बैठक में निश्चय किया गया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ लेने के लिए समाज के ज्यादा से ज्यादा बंधुओं को प्रेरित कर शिविर में लाया जाए, ताकि समय रहते उन्हें समुचित चिकित्सा एवं परामर्श का निशुल्क लाभ मिल सके. मंगलमूर्ति नगर में सम्पन्न हुई बैठक में शिविर संयोजक किशोर गोयल, क्षेत्र के प्रभारी पार्षद मृदुल अग्रवाल, अभिभाषक महेश अग्रवाल, राजेंद्र समाधान, अजय मंगल, राजेश सिंघल, सुनील बडगोंदा, राजेंद्र टीटू, रितेश मित्तल बारदान, मनोज गर्ग योगी एवं संजय बंसल ने समाज बंधुओं से आग्रह किया कि ये समाज को मधुमेह एवं मोटापे से मुक्त बनाने के पवित्र संकल्प के साथ चलाए जा रहे इस अभियान का ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर स्थल पहुंचकर लाभ उठाएं. उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने संकल्प किया कि वे 14-15 मार्च को लगने वाले शिविर में परिवार के सदस्यों सहित स्वयं भी पहुंचेंगे और अपने स्नेहीजनों तथा समाज बंधुओं को भी प्रेरित करेंगे. शिविर संयोजक अरविन्द वेल्यूअर, शीतल तोड़ीवाला एवं शरद कदम ने बताया कि शिविर की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं.

## शंकराचार्य सदानंद सरस्वती का सम्मान कर साहित्य भेंट किया

**इंदौर.** द्वारका शारदापीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य सदानंदजी सरस्वती के इंदौर आगमन पर शंकराचार्य मठ में मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पंडित रामचंद्र शर्मा वैदिक, विश्व ब्राह्मण समाज



संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र महंत, भुवनेश्वरी ज्योतिष संस्था के संतोष भार्गव, खजराना गणेश मंदिर के विनीत भट्ट, भारद्वाज ज्योतिष एवं आध्यात्मिक शोध संस्थान के नंदकिशोर शर्मा सहित अनेक संस्थाओं ने जगद्गुरुजी का शाल, श्रीफल, उत्तरीय एवं पुष्पमाला से अभिनंदन किया. आचार्य शर्मा ने परिषद द्वारा प्रकाशित साहित्य गुरुजी को भेंट किया. गुरुजी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया.

## दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के चुनाव को लेकर हर्ष

**इंदौर.** सामाजिक संसद कीर्ति स्तंभ के चुनाव को लेकर मंदिरों के प्रतिनिधि में उत्सुकता का माहौल है. पिछले कई सालों से प्रतिनिधियों द्वारा ताली बजवाकर चयन किया जता था. इस बार प्रत्याशी आनंद गोधा ने इसे बदल दिया. अध्यक्ष का



चुनाव 15 मार्च को उदासीन आश्रम छप्पन दुकान के पीछे होगा, जिसमें 136 मंदिरों के 735 प्रतिनिधि के द्वारा मतदान किया जाएगा. पिछले दस सालों से ताली बजाकर मतदान किया जाता था, लेकिन इस बार युवा प्रत्याशी समाजसेवी आनंद गोधा के प्रयासों से चुनाव कराए जा रहे हैं. इस बार प्रतिनिधियों में खुशी की लहर हैं वह कह रहे हैं इस बार उन्हें मतदान करने का मौका मिलेगा. प्रवीण जैन ने बताया कि मंदिरों मे गोधा के लिए रोज सभाएं, मीटिंग चल रही है. आज दि. जैन मंदिर नरसिंगपुरा मे आनंद गोधा का भव्य स्वागत कर सभी समाज के प्रतिनिधियों ने गोधा को जिताने का आश्वासन दिया. इसी तरह छावनी के नेमीनाथ जिनालय कालानी नगर स्म्रती नगर छोटा बागडदा के बीस जिनालयों मीटिंग की गई. वे मंदिरों मे जाकर हर छोटे बडे मतदाताओं से रुबरू मिल रहे हैं. इस अवसर पर मुख्य रुप से एमके जैन, नवीन गोधा, छावनी के कैलाश वेद, निर्मल जैन, नरसिगपुरा समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन, हर्ष जैन, सनत जैन, विदर्भ जैन, संजय जैन, अक्षय कासलीवाल के साथ कई समाज जन शामिल हुए.

## विमेन कार्डियक केयर कॉन्फ्रेंस आज से

**इंदौर,** विंकार्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित विमेन कार्डियक केयर कॉन्फ्रेंस 2026 का 18वां एडिशन, 14-15 मार्च को इंदौर के मैरियट होटल में होगा, जो इंटरनेशनल विमेंस डे के मौके पर होगा. इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन विंकार्स एसोसिएशन की प्रेसिडेंट और इंदौर के अपोलो हॉस्पिटल्स में कैथ लैब की सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और डायरेक्टर डॉ. सरिता राव कर रही हैं. इस एकेडमिक गैदरिंग में भारत और विदेश के 350 से ज़्यादा जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट के साथ-साथ 10 से ज़्यादा देशों की इंटरनेशनल फैकल्टी के शामिल होने की उम्मीद है. कॉन्फ्रेंस के बारे में जानकारी देते हुए, डॉ. सरिता राव ने कहा कि कांफ्रेंस का मकसद एकेडमिक एक्सीलेंस को बढ़ावा देना, कार्डियोवैस्कुलर साइंस में लेटेस्ट एडवांसमेंट को शेयर करना, महिला कार्डियोलॉजिस्ट के बीच कोलेबोरेशन को मजबूत करना और डॉक्टरों की अगली पीढ़ी को बेहतर कार्डियक केयर में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है. दो दिन के साइंटिफिक प्रोग्राम में कई तरह की एकेडमिक एक्टिविटीज़ होंगी, जिसमें इंटरनेशनल लाइव केस डेमोंस्ट्रेशन, लाइव-इन-बॉक्स सेशन, डिडैक्टिक लेक्चर, मास्टर्स से सीखें सेशन, शानदार डिबेट, चैलेंजिंग केस प्रेजेंटेशन, एब्स्ट्रैक्ट सेशन और नेशनल पीजी क्विज़ शामिल हैं. ये सेशन डॉक्टरों, रिसर्चर्स और युवा मेडिकल ट्रेनीज़ को कार्डियोलॉजी के जाने-माने एक्सपर्ट्स से नॉलेज शेयर करने और सीखने के लिए एक दिलचस्प प्लेटफॉर्म देंगे. कॉन्फ्रेंस का एक खास हाइलाइट हाइपरटेंशन इन वीमेन नाम की एकेडमिक बुक का लॉन्च होगा, जो महिलाओं में कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के लिए अवेयरनेस और खास इलाज के तरीकों की बढ़ती ज़रूरत पर फोकस करती है.

# सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की तैयारी

- शहर में इवेंट की अनुमति प्रक्रिया सरल बनाने को लेकर प्रशासन के साथ बैठक



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की अनुमति लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए आज इवेंट आयोजकों के साथ प्रशासन ने बैठक की. इसके लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने की बजाय सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की तैयारी की जा रही है.**

आज रेसिडेंसी कोठी में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की मौजूदगी में चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे आयोजकों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक अनुमतियाँ मिल सकें और उन्हें अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें. बैठक में जानकारी दी गई कि देश के मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद जैसे शहरों में इस तरह की व्यवस्था लागू हैं. इंदौर में भी बड़े शहरों एक समान सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने की योजना बना दी जाए, जिससे इवेंट आयोजकों को अलग अलग विभागों के चक्कर नहीं खाना पड़े. बैठक में निगम अपर आयुक्त आकाश सिंह, एडीएम रोशन राय, डीसीपी प्रमोद सोनकर, आबकारी कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, फायर विभाग से राघवेन्द्र रघुवंशी सहित शहर के इवेंट ऑर्गेनाइजर मौजूद थे. साथ ही पुलिस, नगर निगम, जिला प्रशासन, बिजली विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया.

> **आयोजनों के लिए आकर्षक केंद्र के रूप में उभरेगा**
>
> महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम लागू होने से आयोजनकर्ताओं की परेशानी कम होगी और शहर की छवि भी बेहतर बनेगी. इंदौर बड़े आयोजनों के लिए और अधिक आकर्षक केंद्र के रूप में उभर सकेगा।

## घर में घुसकर 20 हजार नकद व पर्स चुराया

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र के गौरी नगर में घर में घुसकर नकदी और पर्स चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि चौरसिया गली, चौकसे किराना के पास गौरी नगर में रहने वाले 39 वर्षीय फरियादी धर्मदास रैकवार की शिकायत पर मनोज जाट उम्र 30 साल के खिलाफ केस दर्ज किया है. फरियादी का कहना है कि गुरुवार 12 मार्च को दोपहर करीब 3.50 से 4 बजे के बीच आरोपी घर में घुस गया और डिब्बे में रखे 16 हजार रुपये तथा पैंट की जेब में रखा पर्स चोरी कर ले गया. पर्स में 4 हजार रुपये नकद के साथ आधार कार्ड, श्रम कार्ड, एसबीआई का एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज रखे थे. मामले में हीरानगर पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## रोजा खोलने गई महिला के घर चोरी

**इंदौर.** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की गुलजार कॉलोनी में रोजा खोलने के लिए घर से बाहर गई महिला के घर में चोरी का मामला सामने आया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र की गुलजार कॉलोनी स्थित पूरणदास की बगीया में रहने वाली 29 वर्षीय गुलनाज बी की शिकायत पर केस दर्ज किया है. फरियादी ने बताया कि मंगलवार 10 मार्च की शाम करीब 6.10 बजे वह अपने पति और बच्चों के साथ रोजा खोलने के लिए सास के घर गई थी. रात करीब 7.45 बजे वापस लौटने पर घर की अलमारी का लॉकर टूटा हुआ मिला और उसमें रखे 30 हजार रुपए गायब थे.

## जमीन का पट्टा जल्द कराने के नाम पर रिश्वत लेते पटवारी पकड़ाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** धार जिले के सरदारपुर क्षेत्र में जमीन का पट्टा जल्द जारी कराने के बदले रिश्वत मांगने वाली पटवारी को इंदौर लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया. आरोपी पटवारी ने इस काम के बदले आवेदक से एक लाख रुपए की मांग की थी। पहली किश्त के रूप में 5 हजार रुपए लेते समय ट्रैप कार्रवाई में गिरफ्तार कर ली गई.

लोकायुक्त कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास ने बताया कि ग्राम कुमारिया खेड़ी, ग्राम पंचायत भानगढ़ तहसील सरदारपुर निवासी 53 वर्षीय लक्ष्मण कुमावत ने इंदौर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया था कि उसने जिस जमीन पर मकान बनाया है तथा मकान के पीछे की जमीन पर उसका कब्जा है, उस जमीन का पट्टा उसके नाम होने की प्रक्रिया चल रही है. उक्त पट्टा जल्द कराने के एवज में पटवारी भारती राजपूत उम्र 32 साल निवासी पटवारी हल्का नंबर-25, भानगढ़, तहसील



सरदारपुर ने उससे एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी. शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के निर्देशन में मामले का सत्यापन कराया, जिसमें शिकायत सही पाई गई. इसके बाद शुक्रवार को टीम का गठन कर कार्रवाई की गई. लोकायुक्त टीम ने आरोपी पटवारी को आवेदक से पहली किस्त के रूप में 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## लहसुन के दाम कम मिलने पर दूसरे दिन भी किसानों का हंगामा

- चोइथराम मंडी में अव्यवस्थाओं के खिलाफ किसानों का आक्रोश
- लहसुन के कम दाम पर विरोध तेज



**इंदौर.** चोइथराम मंडी में लगातार दूसरे दिन भी किसानों का आक्रोश देखने को मिला. लहसुन के बेहद कम भाव और मंडी में फैली अव्यवस्थाओं के कारण बड़ी संख्या में किसान मंडी के मुख्य द्वार पर पहुंचकर अपनी समस्याएं और नाराज़गी दर्ज कराते रहे. किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत की फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.

किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में रोटेशन पद्धति का पालन नहीं किया जा रहा, जिसके कारण कई किसानों की उपज सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं. किसानों का यह भी कहना है कि मंडी प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है. मंडी अधिकारी लगातार बिगड़ती व्यवस्था को सुधारने में असफल साबित हो रहे हैं, जिसके कारण किसानों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है. इस संबंध में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता बबलू जाधव रामस्वरूप मंत्री चंदनसिंह बड़वाया शैलेंद्र पटेल प्रवीण ठाकुर ने कड़े शब्दों में मंडी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों की मेहनत और पसीने से तैयार फसल का इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि यदि मंडी में रोटेशन पद्धति को तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया गया और लहसुन के उचित भाव सुनिश्चित नहीं किए गए, तो किसान मजबूर होकर उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विवश होंगे.

> **व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाए**
>
> उन्होंने मंडी प्रशासन से मांग की कि किसानों के साथ न्याय किया जाए, मंडी की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाए और फसलों के उचित मूल्य सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का सम्मानजनक दाम मिल सके.

## कजलाना पेट्रोल पंप हत्याकांड में आरोपी की पहचान, पिता को लिया हिरासत में

**इंदौर.** सांवेर क्षेत्र के कजलाना गांव में पेट्रोल पंप कर्मचारी को कार से घसीटकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है. जांच में सामने आया है कि आरोपी हीरानगर क्षेत्र का रहने वाला है. कई किलोमीटर तक लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल के बाद पुलिस टीम उसकी तलाश में हीरानगर पहुंची. फिलहाल, आरोपी फरार है, जबकि पुलिस ने उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.

पुलिस के मुताबिक, कजलाना स्थित शिवलाल पटेल एंड सन्स पेट्रोल पंप, चारपाई ढाबा के पास का मामला है, यहां ग्रे रंग की कार से आए युवक ने डीजल भरवाने के बाद भुगतान किए बिना ही कार दौड़ा दी. पेट्रोल पंप कर्मचारी रोहित उम्र 22 साल पिता शंकरलाल परमार निवासी मालीखेड़ी ने कार रोकने की कोशिश की इसी दौरान उसका हाथ कार के कांच में फंस



गया, आरोप है कि चालक ने वाहन तेज रफ्तार में भगा दिया, जिससे रोहित कुछ दूरी तक घसीटता चला गया और गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था.

जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के मार्गों के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले. फुटेज से पता चला कि कार एमआर-10 मार्ग से होते हुए हीरानगर की ओर गई थी. वाहन के रजिस्ट्रेशन की जानकारी निकालने पर कार आर्यन तंवर निवासी गौरीनगर के नाम पर पाई गई. बताया जा रहा है कि आरोपी ने यह कार कुछ समय पहले ही खरीदी थी. पुलिस के अनुसार घटना के समय आरोपी अपने कुछ दोस्तों के साथ था और वारदात के बाद फरार हो गया था, गुरुवार सुबह मीडिया में खबर आने के बाद उसे पुलिस की तलाश का पता चला और वह कार लेकर घर से भाग गया था. फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है.

## सड़क हादसे में पीएम राहत योजना से 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

- आयुष्मान योजना के सीईओ ने अस्पतालों का किया निरीक्षण, भर्ती मरीज से ली जानकारी

**इंदौर.** जिले में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तुरंत उपचार उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई पीएम राहत योजना के तहत अब पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज दिया जा रहा है. योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने शुक्रवार को शहर के निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया और मरीजों से उपचार की जानकारी ली.

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि प्रधानमंत्री राहत योजना (सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार) जिले में 20 फरवरी 2026 से लागू हो गई है. योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटना की तिथि से सात दिनों के भीतर अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाता है. योजना की प्रगति जानने के लिए आयुष्मान योजना के सीईओ डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने आयुष्मान योजना से संबद्ध निजी अस्पतालों का भ्रमण किया. सुपर यूनिक नीमा अस्पताल में उन्होंने पीएम राहत योजना के तहत भर्ती मरीज से मुलाकात कर उपचार की जानकारी ली. 40 वर्षीय युवक सड़क दुर्घटना में पैर में गंभीर चोट लगने के बाद 8 मार्च से अस्पताल में भर्ती है और योजना के तहत उसका इलाज किया जा रहा है. डॉक्टरों के अनुसार उसकी सर्जरी भी जल्द नि:शुल्क की जाएगी. इंदौर पुलिस ने ईडीएआर एप के माध्यम से दुर्घटना की पुष्टि की है, जिससे मरीज को योजना का लाभ मिल रहा है. मरीज और उसके परिजनों ने शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया. निरीक्षण के दौरान डॉ. भरसट ने इंदौर ट्रामा सेंटर और अरिहंत अस्पताल का भी दौरा किया तथा आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से उपचार की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली. हितग्राहियों ने उपचार को संतोषजनक बताया.

> **सीईओ को वेदांता अस्पताल के निरीक्षण में कमियां मिलीं**
>
> वेदांता अस्पताल में निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां मिलने पर उन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए. इस संबंध में 14 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय में निजी एवं शासकीय अस्पतालों के संचालकों और प्रबंधकों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पीएम राहत योजना के प्रभावी संचालन और क्रियान्वयन पर चर्चा होगी.



## प्रभातफेरी के पूजन में हर दिन उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

**इंदौर.** शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े श्रद्धालु पिछले 10 दिनों से केन्द्रीय साईं सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिदिन सुबह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साईं बाबा की पालकी और प्रभात फेरी निकालकर श्रद्धा, भक्ति और विश्वास का अलख जगा रहे हैं. शुक्रवार को भी हवाबंगला क्षेत्र के सत्यदेव नगर और आसपास के क्षेत्रों में साईं बाबा के जयकारे गूंजते रहे. सत्यदेव नगर में साईं भक्त लक्की वर्मा के निवास पर बाबा की पालकी के पूजन से शुरू हुई प्रभात फेरी का कारवां लगातार बढ़ता चला गया और जहाँ-जहाँ से प्रभात फेरी निकली, श्रद्धालुओं ने नाचते, गाते, झूमते हुए अगवानी की. बाबा के जयघोष के बीच साईं भक्तों ने शस्त्र कला से भी बाबा को रिझाया. श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, लक्की वर्मा एवं आलोक खादीवाला ने बताया कि साईं बाबा की प्रभात फेरी की अगवानी के लिए क्षेत्र के सैकड़ों रहवासियों ने रतजगा करते हुए समूचे यात्रा मार्ग को रंगोली, दीपों और पताकाओं से दुल्हन की तरह सजाया. भजन गायक प्रदीप परमार, अक्षत शर्मा और ध्रुव सेठी ने रोज की तरह साईं भक्तों को खूब थिरकाया. बड़ी संख्या में भोलेनाथ और राधा कृष्ण के श्रृंगार में सज्जर आए कलाकारों के साथ साईं भक्त भी नाचते-गाते शामिल हुए। पालकी यात्रा के साथ चंदू कुंजीर, समीर जोशी, शैलू सेन, मोहन पहलवान, चिराग तिवारी, जयेश वर्मा, रितेश वर्मा, ज्ञानेश्वर होल्कर, संजय वर्मा, संतोष भुसारी, नीरज यादव आदि भी व्यवस्थाएं संभाले रहे. मातृशक्ति की अगवानी अनु जोशी एवं निशा चौधरी ने की. 14 मार्च को सुबह 5.30 बजे से उषा नगर स्थित गजासीन शनि मंदिर के पास मधुकर बुधे के निवास से निकलेगी.

एक नजर में

ओम शांति भवन में वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत विषय पर कार्यक्रम आयोजित

## नारी दूसरों में ला सकती है सकारात्मक परिवर्तन

**इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ओम शांति भवन में वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए.**

कार्यक्रम में तनाव मुक्ति विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने कहा कि आज के समय में हमें देने के संस्कार को विकसित करने और लेने के संस्कार को त्यागने की आवश्यकता है. देने में ही लेना छुपा हुआ है. यह ब्रह्मांड का नियम है कि जो हम दूसरों को देते हैं, वह कई गुना बढ़कर हमारे पास वापस आता है. इसलिए जीवन में जो भी हम पाना चाहते हैं- खुशी, शांति, प्रेम, सहयोग और मधुरता- वह पहले दूसरों को देना चाहिए. कार्यक्रम में जोनल इंचार्ज ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने कहा कि स्वर्णिम संसार के निर्माण में नारी की विशेष भूमिका है. नारी प्रेम, समर्पण और त्याग की भावना से दूसरों में सकारात्मक



परिवर्तन ला सकती है. इस गवर्नमेंट स्कूल ऑफ एक्सेलेंस बाल विनय मंदिर की प्रिंसिपल पूजा सक्सेना ने कहा कि आज की नारी को केवल अपनी योग्यता और क्षमता को पहचानने की आवश्यकता है. ईवा वेलफेयर आर्गेनाईजेशन की फाउंडर डायरेक्टर भारती मांडोले ने कहा कि आज कई बच्चे गलत संगत में आकर नशे और अन्य व्यसनों का शिकार हो रहे हैं। इसलिए माता-पिता को बच्चों को सही जानकारी और सही मार्गदर्शन देना चाहिए.

> **नारी परमात्मा की श्रेष्ठ कृति**
>
> इस अवसर पर सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर निशि बाला सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज विश्व की सबसे बड़ी ऐसी आध्यात्मिक संस्था है, जिसका संचालन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है. महिला एवं बाल विकास विभाग की वूमेन एम्पावरमेंट ऑफिसर वंचना परिहार ने कहा कि अपनी विशेषताओं को निखारने के लिए हमें स्वयं को बार-बार याद दिलाना चाहिए कि हमारे अंदर प्रेम, सहनशीलता और शक्ति जैसे गुण पहले से मौजूद हैं. कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि नारी परमात्मा की श्रेष्ठ कृति है, जो सबको प्रेम देने वाली और सम्मान की अधिकारी है. कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी विका दीदी ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए नारी सशक्तिकरण के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया. आभार बीके दीपाली बहन ने माना.